नमूना प्रश्न पत्र - 2 (2021-2022) द्वितीय सत्र

कक्षा - 10

विषय - हिन्दी (पाठ्यक्रम 'ब')

समय : 2 घंटे **पूर्णांक : 40**

निर्देश -(1) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं- खंड 'क' और खंड 'ख'। दोनों ही खण्डों में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे।

(2) खंड - 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।

(3) खंड - 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।

(4) कुल प्रश्नों की संख्या 8 है। प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथा संभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खण्ड 'क'

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2 × 2 = 4)

(क) चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया?

(ख) 'मनुष्यता' कविता में 'अभीष्ट मार्ग' के संदर्भ में क्या कहा गया है?

(ग) 'कर चले हम फिदा' कविता का सारांश लिखिए।

प्र.2 निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए- (4)

(क) वज़ीर अली वकील के पास क्यों गया था? वहाँ उसने क्या किया?

अथवा

(ख) 'मनुष्यता' कविता में किस धन को श्रेष्ठ और किस धन को तुच्छ माना गया है?

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- (3 × 2 = 6)

(क) 'हरिहर काका' की अपने परिवार के सदस्यों से मोहभंग की शुरूआत किस प्रकार हुई? आप हरिहर काका के इस मोहभंग को उचित मानते है अथवा अनुचित? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों के विकास हेतु शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है? 'सपनो के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि ''इफ्फन को अपनी दादी से विशेष लगाव था।''

खण्ड 'ख' (लेखन)

प्र.4 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (6)

(क) नर हो न निराश करो मन को

संकेत बिंदु- ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति-मनुष्य, ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त गुण, आत्मविश्वास, उपसंहार।

(ख) विद्यार्थी और अनुशासन

संकेत बिन्दु- अनुशासन का अर्थ व महत्त्व, शिक्षा और अनुशासन एक-दूसरे के पर्याय, अनुशासन से लाभ, विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता के कारण।

(ग) मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

संकेत बिंदु - मजहब से तात्पर्य, मजहब का संबंध आत्मा और मन से, मजहब मानवीयता की शिक्षा देता है।

ALLEN

प्र.5 अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए। (5)

अथवा

आपकी कक्षा की अनुशासनहीनता एवं अभद्र व्यवहार के कारण आपके कक्षा अध्यापक आपकी कक्षा से बहुत नाराज है। आप पूरी कक्षा की ओर से किए गए दुर्व्यवहार की क्षमा माँगते हुए अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

प्र.6 (क) आप दवाइयों के विक्रेता भगवती मेडिकल स्टोर के मालिक हैं। आपने फैसला किया है कि आपकी दुकान रविवार की जगह अब सोमवार को बंद रहा करेगी। लोगों को सूचित करने हेतु सूचना-पत्र तैयार कीजिए। (सूचना-पत्र हेतु शब्द सीमा 50 शब्द होगी।) (2.5)

अथवा

आप स्वास्थ्य अधिकारी हैं। गंगानगर कॉलोनी, दिल्ली के सामने एक सरकारी जमीन खाली पड़ी है। इस जमीन पर कुछ लोग कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। जिससे मक्खी-मच्छर व गंदगी उत्पन्न हो रही है। लोगों को सूचित व सावधान करने हेतु सूचना-पत्र तैयार कीजिए।

(ख) **प्रधानाचार्या (डॉ. शिवानी उपाध्याय) कॉरडोवा पब्लिक स्कूल, दिल्ली की ओर से नर्सरी कक्षा हेतु बच्चों के दाखिले की सूचना पर्याप्त जानकारी सहित दीजिए।** (2.5)

(सूचना-पत्र हेतु शब्द सीमा 50 शब्द होगी।)

अथवा

रोटरी क्लब की ओर से बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आप रोटरी क्लब, हरिद्वार के अध्यक्ष होने के नाते सभी हरिद्वारवासियों को इसकी सूचना प्रदान कीजिए।

(सूचना-पत्र हेतु शब्द सीमा 50 शब्द होगी।)

प्र.7 (क) किसी टूर एंड ट्रैवल्स कम्पनी की ओर से गाड़ी की बुकिंग के लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए। (2.5)

अथवा

गर्मियों की छुट्टियों में किसी संस्थान द्वारा 'कत्थक नृत्य' सीखने हेतु 25-50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।

(ख) स्टार नोटबुक की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

अन्तर्राष्ट्रीय योग पर लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र.8 नीचे लिखी उक्ति को आधार बनाकर एक कथा लिखिए। ''मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना।'' (5)

अथवा

''करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान'' प्रस्तुत कथन को आधार बनाकर एक कथा लिखिए।